Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

➤ पाली में पटवारी को 10,000/— रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, 21 अगस्त 2026। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी की पाली द्वितीय इकाई द्वारा आज कार्रवाई करते हुए **मनीष कुमार मीना, पटवारी पटवार हल्का लाणेरा, अतिरिक्त प्रभार पटवार हल्का खोडिया, तहसील सोजत, जिला पाली** को परिवादी से **10,000/— रूपये** की रिश्वत लेने पर रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि एसीबी चौकी पाली द्वितीय को शिकायत प्राप्त हुई थी कि परिवादी की ग्राम रायरा स्थित खरीदशुदा कृषि भूमि का बंटवारा एवं तरमीम करने की एवज में आरोपी पटवारी द्वारा 20,000 रूपये रिश्वत की मांग की गई। मांग सत्यापन के दौरान आरोपी द्वारा पहले 17,000/— तथा बाद में 15,000/— रूपये रिश्वत राशि लेने पर सहमति व्यक्त की गई।

इस पर एसीबी रेंज जोधपुर की **पुलिस अधीक्षक श्रीमती पी.डी. नित्या** के सुपरविजन में एसीबी पाली द्वितीय के प्रभारी **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री देरावर सिंह** एवं ट्रेप अधिकारी **पुलिस निरीक्षक श्री मोहम्मद हनीफ** मय टीम द्वारा रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन करवाया गया। इसके पश्चात आज ट्रेप कार्रवाई करते हुए आरोपी मनीष कुमार मीना को 10,000/— रूपये रिश्वत लेने पर रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

आरोपी ने परिवादी से रिश्वत राशि प्राप्त कर अपनी पहनी हुई पेंट की जेब में रख ली। इसी दौरान एसीबी टीम को नजदीक आता देख आरोपी पटवार घर के पास स्थित जंगल की झाड़ियों की ओर भाग गया तथा भागते समय रिश्वत राशि 10,000/— रूपये झाड़ियों में फेंक दी। एसीबी टीम द्वारा अथक प्रयासों के बाद झाड़ियों से 2,000/—रूपये के नम्बरी नोट बरामद कर लिए गए हैं। शेष रिश्वत राशि की तलाश एवं बरामदगी के प्रयास जारी हैं।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** एवं **महानिरीक्षक श्रीमती एस. परिमला** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ एवं अग्रिम कार्रवाई जारी है। एसीबी द्वारा प्रकरण में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत के लिए एसीबी की **टोल—फ्री हेल्पलाइन 1064 एवं व्हाट्सऐप हेल्पलाइन 94135—02834** पर 24X7 संपर्क किया जा सकता है। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में हरसंभव सहायता करेगी।